**अमर उजाला जनपद रामपुर दिनॉक 19.06.2025**



अफसरों के साथ मंथन करते एडीजी रमित शर्मा। स्रोत : पुलिस

# विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लाए पुलिस : एडीजी

रामपुर। बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रमित शर्मा ने थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी आदेश दिए।

एडीजी मंगलवार रात रामपुर पहुंचे। उन्होंने पुलिस लाइन पहुंचकर प्रशिक्षण के लिए पहुंचे रिक्रूटों से बातचीत की और फिर प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने सभी थानाध्यक्षों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए हैं।

उन्होंने आगामी त्योहारों को लेकर सतर्कता बरतने के आदेश दिए। साथ ही क्षेत्र में पैदल गश्त बढ़ाने पर जोर दिया। एडीजी ने आरक्षियों के प्रशिक्षण की तैयारियों के बारे में एसपी से जानकारी ली। कहा कि प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए।

उन्होंने महिला अपराध की रोकथाम को लेकर भी निर्देश दिए और आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण में अच्छे प्रदर्शन पर रामपुर पुलिस की सराहना की। इस मौके पर एसपी विद्या सागर मिश्र, एएसपी अतुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संवाद

# दैनिक जागरण जनपद रामपुर दिनॉक 19.06.2025

## कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी : एडीजी

जागरण संवाददाता, रामपुर : अपर पुलिस महानिदेशक बरेली रमित शर्मा मंगलवार रात अचानक रामपुर पहुंचे। उन्होंने पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ बैठक की। नागरिक पुलिस में आरक्षी पद पर भर्ती हुए रिक्रूट के प्रशिक्षण की व्यवस्था का निरीक्षण किया। रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण के लिए आवासीय भवन, प्रकाश व्यवस्था, पंखे, भोजनालय, स्वच्छ पेयजल, स्नानागार, शौचालय, प्रशिक्षण उपकरण एवं प्रशिक्षक समेत अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने अपराध एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। आगामी त्योहार सावन को लेकर सतर्कता बरतने की हिदायत दी। कहा कि 11 जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। 14 जुलाई को सावन माह का पहला सोमवार है। कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए मार्गों का उचित डायवर्जन कराएं और यातायात पुलिस की तैनाती करके कांवड़ यात्रा को सुगम बनाएं। मंदिर परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाएं, ताकि भक्तों को किसी भी अप्रिय घटना का सामना न करना पड़े। एडीजी ने रात में पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ शहर का वाहन से भ्रमण भी किया। एडीजी रात में ही वापस लौट गए।



पुलिस लाइन सभागार में अफसरों के साथ बैठक करते एडीजी रमित शर्मा● जागरण



पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार रात अधिकारियों संग बैठक करते एडीजी रमित शर्मा।

# लंबित मुकदमों का जल्द करें निस्तारण : एडीजी

## दिए निर्देश

- मंगलवार रात रामपुर पहुंचे एडीजी, पुलिस लाइन में की बैठक
- एडीजी ने बैठक में जिले में हो रहे अपराध के बारे में जानकारी ली

**रामपुर**। पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन ने अपराध एवं कानून व्यस्था के साथ ही आगामी त्यौहार एवं आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में हो रहे अपराध के बारे में जानकारी ली।

एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा मंगलवार रात रामपुर पहुंचे। वहां रिजर्व पुलिस लाइन में जिले के सभी पुलिस थाना प्रभारियों व अन्य अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, महिला संबंधी अपराधों, लंबित मुकदमों के शीघ्र विधिक निस्तारण, कॅफर के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिस लाइन में आरक्षी के प्रशिक्षण को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया।

## हिन्दुस्तान जनपद बिजनौर दिनॉक 19.06.2025

# प्रशिक्षु आरक्षी से रूबरू हुए एडीजी व डीआईजी



**बिजनौर, संवाददाता।** एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा व डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने प्रशिक्षु आरक्षी से रूबरू हुए और उन्हें प्रशिक्षण की बारीकियां समझाई। एडीजी बरेली व डीआईजी ने जेटीसी प्रशिक्षु आरक्षी प्रशिक्षण को लेकर पुरानी व नई पुलिस लाइन का भ्रमण किया।

बुधवार को डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी बिजनौर पुलिस लाइन पहुंचे। जहां गारद ने उन्हें सलामी दी। डीआईजी ने मंडावर रोड स्थित नवीन पुलिस लाइन्स बिजनौर में प्रारंभ हो रही जेटीसी का भ्रमण किया। वहां प्रशिक्षु आरक्षी के लिए प्रशिक्षण के दौरान भोजन व आवासीय व्यवस्थाओं को देखा।

## दैनिक जागरण जनपद बिजनौर दिनॉक 19.06.2025



पुलिस लाइन में प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लेते डीआइजी● सौ. पुलिस

# एडीजी व डीआइजी ने प्रशिक्षण की तैयारियां जांची

जागरण संवाददाता, बिजनौर : एडीजी बरेली रमित शर्मा और डीआइजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने बुधवार को जेटीएस में प्रशिक्षण के लिए तैयारियों को जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुरानी और नई पुलिस लाइन में बनाए गए बैरक, भोजनालय और आवासीय व्यवस्थाओं निरीक्षण किया। इस दौरान अधूरी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए। एडीजी और डीआइजी ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अभ्यर्थियों की व्यवस्था में कोई लापरवाही नहीं की जाए। छुटपुट कमियों को दूर करने के लिए निर्देश दिए। जिले में 1181 अभ्यर्थियों को जेटीसी प्रशिक्षण लेना हैं। इसको लेकर दोनों पुलिस लाइंस में व्यवस्था की गई है।

एसपी अभिषेक झा ने बताया कि तैयारियों पूरी कर ली गई है। गर्मी को ध्यान में देखते हुए पंखों और कूलर की संख्या बढ़ाई गई है। अब तक एक हजार अभ्यर्थियों की उपस्थिति हो चुकी है।

# एडीजी ने नवागत आरक्षियों के प्रशिक्षण की तैयारियों का किया निरीक्षण

## आरटीसी परिसर में भौतिक संसाधनों, अनुशासन व प्रशिक्षण गुणवत्ता की समग्र की समीक्षा



अर्ली मॉर्निंग ब्यूरो

**बिजनौर**। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा बिजनौर पहुंच पुलिस लाइन्स बिजनौर में प्रारम्भ हो रही जे.टी.सी. का भ्रमण किया एवं भ्रमण के दौरान प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण के दृष्टिगत भोजन-आवासीय व्यवस्थाओं इत्यादि का निरीक्षण कर सर्व-सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने बुधवार को बिजनौर में रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित ज्वॉइंट ट्रेनिंग सेंटर (जे.टी.सी.) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा और एसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीजी रमित शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों से संवाद किया और उनके लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने क्लासरूम, कम्प्यूटर लैब, सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष, मैस, कैंटीन, परेड ग्राउंड, आवासीय परिसर, स्नानागार और शौचालय जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। रमित शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और प्रत्येक रिक्रूट आरक्षी को अनुशासन व दक्षता की दिशा में मार्गदर्शन मिले। उन्होंने भोजन, रहने की सुविधा और प्रशिक्षण संसाधनों को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान रिक्रूट आरक्षियों से उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली गई। एडीजी ने उन्हें परिश्रम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व समझाते हुए उत्साहित किया।